ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

FO–FB/CC/M/2017–01

2018

GENERAL HINDI
सामान्य हिन्दी

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

अनुदेश :

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *500* शब्दों में निबंध लिखिए : 30

(क) रक्षाबंधन

(ख) मेरा जीवन लक्ष्य

(ग) कम्प्यूटर क्रान्ति

(घ) प्रदूषण पर्यावरण

(ङ) शिक्षक दिवस

(च) अब पछताय होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत

2. निम्नलिखित अवतरण का **एक-तिहाई** शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 15

कई लोग समझते हैं कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है, किन्तु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिन्न नहीं जाती, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम लोग स्वतंत्र हैं, हमें बाईं तरफ चलना चाहिए, किन्तु चाहें तो हम बीच सड़क पर भी चल सकते हैं। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते हैं। दूसरों की स्वतंत्रता भी छीनते हैं। विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता हैं। उन्हें अनुशासन का पालन करना चाहिए, जिससे वे देश के सच्चे सपूत कहला सकें।

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1×10=10

(क) पेड़ों पर तोता बैठा है।

(ख) उसने संतोष का सांस ली।

(ग) मैं यह काम नहीं किया है।

(घ) हमने इस विषय को विचार किया।

(ङ) उसे भारी दुख हुआ।

(च) मैं रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊंगा।

(छ) गले में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ गई।

(ज) मैंने तेरे को कितना समझाया।

(झ) शालू आई और उसने कहा।

(ञ) कुत्ता रेंगता है।

4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए : 3×5=15

(क) लाल-पीला होना

(ख) रोम-रोम खिल उठना

(ग) रोंगटे खड़े होना

(घ) मुँह तोड़ जवाब देना

(ङ) बेपेंदी का लोटा

(च) फूटी आँख न सुहाना

(छ) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

(ज) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

(झ) फूल कर कुप्पा होना

(ञ) आँख का अंधा नाम नयनसुख

5. सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए। 10

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×5=5

(क) यमुना (ख) अग्नि (ग) विश्व (घ) उन्नति (ङ) प्रेम

(च) धरती (छ) जंगल (ज) कमल (झ) समुद्र (ञ) हवा

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

(क) जो थोड़ा बहुत जानता हो

(ख) जिसकी आशा न की गई हो

दृष्टि The Vision

(ग) जिसके समान कोई दूसरा न हो

(घ) बहुत कम खर्च करने वाला

(ङ) भगवान में विश्वास करने वाला

(च) आतंक फैलाने वाला

(छ) जानने का इच्छुक

(ज) त्यागने योग्य

(झ) पृथ्वी से संबंधित

(ञ) बहुत बोलने वाला

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** समासों के समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास बताइए : 1×5=5

(क) आजीवन (ख) यथाशक्ति

(ग) हर-रोज (घ) बेशक

(ङ) नवग्रह (च) हवा-पानी

(छ) त्रिलोक (ज) नीलकमल

(झ) सीताराम (ञ) रसोईघर

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रत्ययों के दो-दो शब्द बनाइए : 1×5=5

वान ; वैट ; हार ; ता ; पा ; या ; ना ; ई ; आई ; आव।

★ ★ ★